1961 NO:1

❀ ओ३म् तत्सत् ❀

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

1961
NO1

वर्ष ५ अंक १

Year 5 Number 1

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर (उ० प्र०)
(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission
Shahjahanpur, U. P. (India)

सम्पादक मंडल
काशीराम अग्रवाल, शाहजहाँपुर
सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ० प्र०)

वार्षिक मूल्य ३) एक अंक १)

प्रकाशकः—श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेन्ट, शाहजहाँपुर
उत्तर प्रदेश (इण्डिया)

विषय सूची:—

विषय	लेखक	पृष्ठ संख्या
१—प्रार्थना		१
२—सम्पादक की बात		२
३—भजन	चरन दास	३
४—अध्यात्म (क्रमा गत)	समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी फ़तेहगढ़	४
५—फ़तेहगढ़ के लाला की याद आ रही है	श्री हरीश चन्द्र श्रीवास्तव शाहाबादी	८
६—गुरु और शिष्य का आदर्श	श्रीराम चन्द्र जी अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन	६
७—राम मिलन के काज सखी मोहे आरति उर में जागी री	कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी	१४
८—साधना में प्रेम और सुरति का महत्व	श्री दुर्गाशंकर अवस्थी	२५
९—भगवत्-शरण स्तोत्र	श्री ब्रह्मानन्द	३२
10—Spiritual Advancement	Shri Ram Chandra ji President S. R. C. M.	33
11-The Power of Thought	Shri Raghavendra Rao	38
12-Talks On Shri Babu ji's Commentary on Ten Commandments of Sahaj Marga Commandment VII & VIII	Dr. K. C. Varadachari	44
13-Contribution of Sahaj Marga to modern life	Shri Suresh Chandra Srivastava	54
14-My Experiences in the Mission	Km. Kesar Chaturvedi	62

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।

(उठो ! जागो ! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो)

वर्ष ५ | शाकाब्द १८८३, सं० २०१८विक्रमी | अङ्क १

Year 5 | Year 1961 | No. 1

★ प्रार्थना ★

हे नाथ, तू ही मनुष्य–जीवन का ध्येय है ।

हमारी इच्छाएँ हमारी उन्नति में बाधक हैं ।

तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है ।

बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ।

[श्री रामचन्द्र मिशन की दैनिक प्रार्थना]

संपादक की बातः—

अपने पाठकों की सत्कामना और सहानुभूति तथा समर्थ सदगुरू के स्नेहाशीष का सम्बल ले कर हमारी 'सहज मार्ग' पत्रिका इस अंक के साथ अपने प्रकाशन के पाँचवें वर्ष में पदार्पण कर रही है। इसे अनन्त परम शक्ति से चिरायु होने का वरदान प्राप्त हो, और इस की सम्पन्नता में निरन्तर वृद्धि होती रहे।

इस अंक में स्थायी स्तम्भों के अतिरिक्त मुख्यतः वह सामग्री प्रस्तुत की जा रही है, जो इस वर्ष के हमारे श्री रामचन्द्र मिशन के वार्षिक वसन्तोत्सव के शुभ अवसर पर लेखों, भाषणों, कविताओं आदि के रूप में प्राप्त हुई। ऐसी सारी सामग्री कदाचित् इस एक अंक में न आ सके, अतः जो कुछ शेष रह जायेगा, अगले अंक में प्रस्तुत किया जायेगा।

इस अंक के साथ पत्रिका की स्थायी विषय-वस्तु में भी कुछ परिवर्तन कर दिये गये हैं। सम्पादकीय लेखों की माला जिस उद्देश्य से प्रारम्भ की गई थी, उस की न्यूनाधिक पूर्ति के साथ अब सम्पादकीय लेख के स्थान पर केवल पत्रिका और मिशन से सम्बन्धित आवश्यक वक्तव्य मात्र 'सम्पादक की बात' शीर्षक के अन्तर्गत रहा करेगा। इस के अतिरिक्त कुछ सत्संगी भाइयों के निर्देशानुसार 'अनन्त यात्रा' शीर्षक स्थायी स्तम्भ के अन्तर्गत समर्थ सदगुरू श्रद्धेय श्री 'बाबूजी' के साथ एक श्रेष्ठ और संवेदनशील अभ्यासी के पत्रव्यवहार का क्रमशः प्रकाशन बन्द किया जा रहा है। यदि सम्भव हो सका तो यह पत्र-व्यवहार, जिस में लगभग एक हजार पत्र संग्रहीत हैं, कभी पुस्तक रूप में प्रकाशित किया जा सकेगा।

'सहज मार्ग' पत्रिका के सहृदय ग्राहकों और पाठकों से हमारी प्रार्थना है कि आर्थिक और विषय-वस्तु की दृष्टि से इस पत्रिका को आत्म-निर्भर और सम्पन्न बनाने के लिए अपनी अमूल्य सहायता और सुझाव भेज कर हमें अनुग्रहीत करते रहें।

पत्रिका के ग्राहकों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करने के लिए जो महानुभाव प्रयत्नशील रहे हैं, वह सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं। इन महानुभावों में हमारे सेरम (गुलबर्गा) केन्द्र के प्रशिक्षक श्री अयल रेड्डी का नाम विशेषतः उल्लेखनीय है।

अपने विज्ञ और सहृदय पाठकों से हम अपनी त्रुटियों के लिए करबद्ध क्षमा प्रार्थी हैं।

—सम्पादक

॥ भजन ॥

साधो निंदक मित्र हमारा।
निंदकों निकटे ही राखों, होन न देउं नियारा ॥१॥
पाछे निंदा करि अघ धोवै, सुनि मन मिटै विकारा।
जैसे सोना तापि अगिन में, निरमल करै सोनारा ॥२॥
घन अहरन कसि हीरा निबटै, कीमत लच्छ हजारा।
ऐसे जाँचत दुष्ट संतकूँ, करन जगत उजियारा ॥३॥
जोग-जग्य जप पाप कटन हितु, करै सकल संसारा।
बिन करनी मम करम कठिन सब, मेटै निंदक प्यारा ४
सुखी रहो निंदक जग माँहीं, रोग न हो तन सारा।
हमारो निंदा करनेवाला, उतरै भवनिधि पारा ॥५॥
निंदक के चरनोंकी अस्तुति, भाखौं बरंबारा।
चरनदास कहैं सुनियो साधो, निंदक साधक भारा ६

—चरनदास

अध्यात्म

(समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, फ़तेहगढ़)

(सहज मार्ग वर्ष ४ अंक ३ में प्रकाशित लेख से आगे)

कौन सा अज्ञानी है जो जाग्रत का व्यवहार करता हुआ सुषुप्ति में नहीं जाता ! और कौन सा ज्ञानी है जो सुषुप्ति में ही हमेशा रहता हुआ जाग्रत में वापस न आता हो ! अभिप्राय यह है कि आकुञ्चन[1] और प्रसरण[2] दोनों का ही होता है। हाँ, इतना अन्तर है कि जब अनेकता है तो एकत्व नहीं, और जब एकत्व है तो अनेकता नहीं। लेकिन उत्थान अर्थात् वाज़गश्त[3] दोनों को है। गोता लगाने वाला मन को साध कर पानी में कुछ देर के लिए ठहरता है, पानी उस को फिर उछाल कर बाहर या ऊपर फेंक देता है। दोनों ही गोता खाते रहते हैं। हाँ, एक थोड़ा संभला हुआ है, दूसरा संभला हुआ नहीं है। केवल अनेकता और एकत्व का अन्तर है। और यह अन्तर इस तरह पर है कि शारीरिकता के क्षेत्र में अनेकता है—एक व्यक्ति का शरीर दूसरे वैयक्तिक शरीर के समान नहीं है, और न सब की जाग्रत-अवस्था अर्थात् शारीरिकता की दशा में एकसानियत है: सब अलग अलग नज़र आते हैं। किन्तु सुषुप्ति में रूहानियत की हालत में एकत्व की दशा है—वहाँ सब एकसाँ हो जाते हैं: राजा, प्रजा अमीर, गरीब, सम्राट, फकीर सब एक हो जाते हैं। शरीर में शारीरिक मनुष्य की दृष्टि शरीर, शरीर के अङ्गों, इन्द्रियों आदि सब पर रहती है। रूह (आत्मा) में रूहानी आदमी की दृष्टि केवल रूह पर रहती है। किन्तु दृष्टि, दृष्टा, दृश्य की तिहरी[4] दशा नहीं

१- Contraction; २- Expansion ३- Return up
४- Threefold

रहती। जो है वह केवल एक और एक ही है, और उस का वहम व गुमान भी इस हालत में नहीं होता, नहीं तो फिर दोपने[1] का दोष उत्पन्न हो जाता। शरीर में जड़, तना, टहनी, कोंपल, पत्ते, फूल, फल सभी रहते हैं, और फूल के अन्दर बीज गिलाफों[2] की तह में छुपे पड़े रहते है। रूह में केवल बीज ही बीज है, और इस बीज के बाहर ऊपर जड़, तना, टहनी, कोंपल, पत्ते, फूल, फल आदि ढके, मंढे, लिपटे और सिमटे रहते हैं। रूह से जिस्म और जिस्म से रूह का हमेशा विकास और अभिव्यक्ति हुआ करती है, जिस प्रकार बीज से पेड़ और पेड़ से बीज की पैदाइश का क्रम अविराम गति से चलता रहता है।

अज्ञानी तो पेड़ के पत्ते, फूल, फल आदि को गिनता हुआ फल खाता है, और नहीं भी खाता, और ज्ञानी इन सब विवरणों की ओर से दृष्टि हटा कर केवल फल खाने का शौकीन बनता है। अज्ञानी पढ़ा लिखा, विद्वान और पंडित—उस के हाथ गीता लगी, वह उस की जाँच पड़ताल करता है कि इसका लिखने वाला कौन है इत्यादि।

मन की वास्तव में तीन कैफियतें हैं, (१) मूढ़; (२) चंचल; और (३) अज्ञानी। और यह तीन पर्दों की वजह से हैं। तीन पर्दे तीन शरीर या जिस्म हैं। (१) एक ओर तो स्थूल देह अर्थात् इन्द्रियों और अंगों वाला शरीर है जो कि तम, मूढ़ अर्थात् बाह्य रूप से गति-हीन है; वह अन्धेरा है। (२) दूसरा जिस्म रूह है, जिसे कारण शरीर कहते हैं। यह प्रकाशमान है, किन्तु गति (हरकत)[3] इसमें भी नहीं है। यही अज्ञानी दशा का मूल कारण है। (३) तीसरा सूक्ष्म शरीर या मन है, जो इन दोनों के बीच में है। इस में हरकत है। और यही अपनी हरकत से मूढ़ता और अज्ञानता को गति प्रदान करता रहता है।

तीन वृत्त हैं: पहला अज्ञानी, रूह या प्रकाशमान् वृत्त, जिस में नूर, तजल्ली, ज्योति और प्रकाश है, और उस मे यह कैफियत ठोस-पने के साथ है; दूसरा बिल्कुल तारीक है, जिस में जुल्मात, अँधेरा

और तिमिरि है—यह मूढ़ कहलाता है, तीसरा वृत्त प्रकाशमान् और अंधेरा दोनों ही है—इस के ऊपर रोशनी है और नीचे तारीकी है, और वह दोनों ही के अक्स, असर और संस्कारों को लिये हुए है, क्यों कि बीच की हालत में दोनों के प्रभावों का प्रतिबिम्बित होना नितान्त आवश्यक है।

पहला हिस्सा प्रकाश है, दूसरा भाग अंधकार है, और बीच वाला प्रकाश और अंधकार की सम्मिलित दशाओं का जोड़ बन कर कायम है। यह त्रिलोकी त्रिगुणात्मक सृष्टि अर्थात् ब्रह्माण्ड बिल्कुल इसी शक्ल की है, और जितने जीव-जन्तु, इन्सान, हैवान और फरिश्ते-आकाश या पक्षी के शरीरधारी हैं, सब के सब इसी तरह की कसी और बेशी के साथ बने हुये हैं। एक चींटी या दीमक को देख कर मालूम हो सकता है—यह तीनों ही वृत्त उन के शरीर में तुम को व्यक्त और स्पष्ट रूप में नजर आयें गे।

यद्यपि कायनात (सृष्टि) शब्द गलत है, किन्तु हमारे अभिप्राय को व्यक्त करने के लिए काफी है। इसे आलमे-कबीर या ब्रह्माण्ड कहते हैं। इस में यह तीनों कैफियतें हैं, और जीव जन्तु आदि जो उसमें रहते हैं, उसी की सूक्ष्मतम नकलें (Miniature Copies) हैं। इन के जिस्म या जिस्मों के योग (Sum Total) को पिंड या आलमे-सगीर कहते हैं। यह पिण्ड ब्रह्माण्ड की नकल है, और सूक्ष्मतम तौर पर (छोटे मोटे रूप में) उसके समस्त गुणों को अपने अन्दर रखता है, जैसा कि अभी चींटी और दीमक के शरीरों का उदाहरण दे कर बताया गया है। पहला प्रकाशमान वृत्त कुतुबे-शुमाली (उत्तरी ध्रुव) या उत्तरखण्ड है, दूसरा अंधेरा वृत्त कुतुबे-जनूबी (दक्षिणी ध्रुव) या दक्षिण खण्ड है। हिन्दू लोग मरने के अतिरिक्त कभी दक्षिण की ओर पैर कर के नहीं सोते हैं।

रोशन वृत्त अज्ञानी (रूहानी, Spiritual), तारीक वृत्त मूढ़ (माद्दी- Material), और सम्मिलित दशाओं का वृत्त दिली, कल्बी, दरमियानी, बरज़खी, चंचल है।

ऊपर रूह (आत्मा) है, नीचे माद्दा (मात्रा-Matter) है, बीच में रूह और माद्दा की सम्मिलित अवस्था है, जो दिल (हृदय) है। (१) दिल मिली जुली हालत का शरीर होने के कारण चूंकि ऊपर नीचे दोनों ही के प्रभावों को ग्रहण करता रहता है, अतः उस में गति आती है, और इसी गति की वजह से वह चंचल कहलाता है। (२) चूँकि सम्मिलित और मध्यवर्ती होने के कारण उस में प्राकृतिक और स्वाभाविक गुण समानता, अनुकूलता, और तद्रूपता (हम-आहंगी) करने का है, इस लिए जब वह नीचे की ओर मुंह करता है, वह वैसा ही बनने लगता है, और चंचल होने के कारण मूढ़ता के साथ साथ उस में मूढ़ कर्म करने की तसीर आ जाती है। तब वह शरीर कर्मी, कर्म काण्डी कहलाता है, और जिस्मानी हो रहता है।
(३) इसी प्रकार जब वह अज्ञान के वृत्त अर्थात् आत्मा के विभाग की ओर (जिस को हम कारण शरीर और अलक्ष जिस्म या बालूती जिस्म कहते चले आ रहे हैं) मुंह करता है, तो उस में रूहानियत आने लगती है, और वह रूहानी हो जाता है। रूह (आत्मा) में अज्ञान है, अतः अज्ञान के साथ, समानता, अनुकूलता और तद्रूपता करने से वह अज्ञानी बन जाता है।

अब रह गई उस की अपनी हालत! इस के विषय में यह याद रखना चाहिये कि चूँकि वह नूर और तारीकी की सम्मिलित अवस्था का योग (Sum) है, अतः जब अपने में स्थित होता है तो दोनों वृत्तों के प्रभावों के कारण गतिशील और चलायमान रहता है। अतः इस विशिष्ट स्थिति में वह चंचल रहता है, और चंचल कहलाता है।

(क्रमशः)

"फ़तेहगढ़ के लाला की याद आ रही है"

(श्री हरीशचन्द्र श्रीवास्तव शाहाबादी)

फ़तेहगढ़ के लाला की याद आ रही है।
फिज़ा पर खमोशी सी कुछ छा रही है॥

—o—

१-अजब मस्त हालत जमाने पे छाई, तवज्जह बरसती है पड़ती दिखाई
खमोशी खमोशी नज़र आ रही है। फतेहगढ़ के लाला.....

२-करम और बख्शिश की आदत तुम्हारी, अता की वो दौलत जोथीतुमकोप्यारी
तड़प बन के दिल में चुभी जा रही है। फतेह.....

३-ग़ाजब की तुम्हारी अजब रहनुमाई, कि लमहों में बरसों की मन्जिल दिखाई
लबों पर तुम्हारी ही याद आ रही है। फतेह.....

४-नकहना नसुनना वह आलम किसी का, वो मन्ज़र जहाँ पर है मन्ज़र उसी का
तबीयत मचलती उधर जा रही है। फतेह.....

५-फतेहगढ़ का था एक दिन क्या जमाना, बसन्त लाया रंगीन उत्सव सुहाना
जनम दिन है लाला की याद आ रही है! फतेह.....

६-हैं बाबू जी अपने मिशन के जो बानी, जहाँ में नहीं कोई भी इनका सानी
दुआ लाला जी की चली आ रही है। फतेह.....

७-थे बिगड़े हज़ारों सँभाला तुम्हीं ने, जो डूबे थे लाखों उबारा तुम्हीं ने
कि बारी 'हरिश' की भी अब आ रही है। फतेह.....

गुरु और शिष्यका आदर्श

(श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन)

हम इस शुभ अवसर पर इसलिये जमा हुये हैं कि ऐसी हस्ती का जन्म दिन मनायें जिसका नाम हमेशा सूर्य की भाँति चमकता रहेगा। यह दिन इस मिशन के लिये विशेष महत्व का है। यदि ऐसी बुजुर्ग हस्ती की तारीफ की जाये या घटनायें बयान की जायें तो पन्ने के पन्ने रंग जायें। केवल इतना कह देना काफी है कि उनके एक तुच्छ गुलाम में यदि उनकी कुछ झलक मौजूद है, और आप लोग इतनी थोड़ी मुहब्बत करते हुए भी ईश्वरीय आँच से सिंक रहे हैं, तो गुरु महाराज का अन्दाजा कुछ न कुछ लग ही जावेगा। "ज़र्रा (रज कण) में चमक आफ़ताब (सूर्य) की है।" जिस प्रकार सूर्य की किरणें यह बतला देती हैं कि सूर्य इस समय मौजूद है, उसी प्रकार ज़र्रे की दमक यह बता सकती है कि उसमें आफ़ताब की रोशनी मौजूद है। दूसरे अर्थ में आप लोगों के दिल इस बात के स्वयं गवाह हो सकते हैं कि ज़रूर कुछ न कुछ रोशनी, जैसी कि आफ़ताब के ज़र्रे पर पड़ रही है आप लोगों में भी मौजूद है अब यह आप लोगों की पात्रता रही कि आप लोग खुद ऐसे बन जायें कि अपनी चमक दूसरों में इस प्रकार फैला दें जैसे कि आफ़ताब की रोशनी हर चीज़ को प्रकाशित कर देती है।

अब यह बात कैसे सम्भव हो सकती है? यह बात केवल उसी समय सम्भव हो सकती है जब लोगों का लगाव ऐसे आफ़ताब से हो जावे जो सब को प्रकाशित कर देता है, अर्थात आप अपना सम्बन्ध आफ़ताब से जोड़ लें। हमारे जो कुछ ध्यान अभ्यास आदि होते हैं, सब का यही उद्देश्य होता है कि हमारा सम्बन्ध ईश्वर से जुड़

जावें, और जो चीज़ वहाँ मौजूद है बढ़ती हुई चली आवे। इसी के लिये हम भक्ति भी करते हैं क्योंकि प्रेम से लगाव बहुत जल्दी पैदा होता है। इसके लिये उपाय असंख्य हैं और हर व्यक्ति के लिए नुस्खे अलग अलग। और यह अपनी पवित्र पुस्तकों में मिलते है। जो मनुष्य जिस योग्य है उसके लिये वैसे ही उपाय महात्माओं और बुजुर्गों ने निर्धारित किये है! यह चीज या अभ्यास जो हम सहज मार्ग में कर रहे हैं सबसे ऊंचा और श्रेष्ठ है! इसकी बारीकी जब तक कि काफी उन्नति न हो जाये, समझ में नहीं आती। बाइस साल ध्यान, तल्लीनता और अभ्यास जो कुछ मुझसे हो सके करने के बाद मेरी समझ में आया कि यह चीज़ क्या है। अब मैं इस चीज को किस उपाय से आप लोगों के सामने रक्खूँ और किस प्रकार समझाऊं। गेहूँ का स्वाद केवल ज़ुबान अनुभव कर सकती है, किन्तु ज़ुबान व्यक्त नहीं कर सकती। आगे चल कर यह हालत हो जाती है। फिर भी बहुत कुछ इस दर्शन को खोलने की मैंने पुस्तकों और पत्रों के द्वारा कोशिश की है जहां तक कि मैं उसे खोल सका मेरी तबीयत यही चाहती है कि मुझे जो कुछ थोड़ी बहुत बातें मालूम होती जाती है, सब की सब उगल कर रख दूं। किन्तु यह सब मालिक के हाथ में है, वह जब मेरे लिये ऐसा सामान इकट्ठा कर दे तभी ये सम्भव हो सकता है।

मैं इस लेख में सहज मार्ग दर्शन या अन्य गहरी चीज़ नहीं ला रहा हूँ, बल्कि मतलब की बात सत्संगी भाइयों के लाभ के लिये व्यक्त कर रहा हूँ। और अपना अनुभव, अर्थात् जिस अभ्यास से मुझको लाभ हुआ है वह प्रस्तुत कर रहा हूँ। इसमें कुछ बातें ऐसी भी हैं जिनको मैंने कुछ सोच कर सर्व साधारण रूप में व्यक्त करने की कोशिश नहीं की। इसलिये कि उनका मतलब कुछ और ही न समझ लिया जाय। किन्तु विवशता यह है कि यदि इन घटनाओं को न खोला जाय तो कहीं ऐसा न हो कि मेरे साथ चली जायें। मेरा अभिप्राय इस सब बात से यहहै कि लोग धोखे से कहीं मुझ

को गुरू न समझ लें लोगों का अनुभव सिद्ध कर देगा कि मेरा व्यवहार भाई चारे का रहा है और जीवन भर रहेगा। यही हाल मेरे गुरु महाराज का रहा। जीवन भर उन्हें यह ख्याल कभी नहीं आया कि "मैं गुरू हूँ", और न कभी इस प्रकार का व्यवहार रक्खा। हमेशा भाई चारे का तरीका अपनाया, बजाय सेवा लेने के खुद सेवा की। यह केवल उन्हीं की हस्ती थी और अपने ज़माने की वह आप ही मिसाल हैं। इसी विधि से सेवा करने के लिये मैं भी तैनात हुआ। मुझे आप ही के कदम ब कदम चलना है और यही दुआ कि मैं इसमें कामयाब बनूं। मैं ईश्वर को साक्षी रख कर कहता हूँ कि मैंने सिवाय उस आँख के दूसरी आँख नहीं देखी। मुझे ईश्वर से वास्ता न रहा, मैंने तो सब कुछ उन्हीं को समझ लिया था। इश्क हक़ीक़ी के उलझन में मैं कभी न पड़ा, मुझे तो हमेशा इश्क मजाज़ी से ही सरोकार रहा ईश्वर से मिलने की इच्छा मुझे कभी पैदा न हुई और न यह इच्छा हुई कि आवा गमन से रहित होऊँ, और इस वक्त तक यही वास्तविकता है कि सिवाय आप के किसी को, न जाना। जहाँ देखा आप ही का जलवा देखा और सम्भव है कि अब तक मेरा यही हाल हो। कोई पूछे तुमने यह क्यों किया इसका उत्तर केवल मजनूं ही दे सकता है। उसके प्रेम करने के लिये केवल एक लैला ही थी उसको इससे मतलब न था कि लैला काली कलूटी है या बदसूरत, उसे तो प्रेम से मतलब था।

भाई, यह है मेरी रामकहानी। कहने के लिए तो लोग यह कह लेंगे कि मैं गुमराह हो गया, किन्तु मैं यह कहूँगा कि मैंने यह सौदा जुनून (पागलपन) से खरीदा। इस सौदे का खरीदार वही हो सकता है। जिसके दिल में कुछ झलक जुनून की बाकी हो। कोई व्यक्ति दुनिया के लिये दीवाना बनता है और कोई उक्बा (परलोक) का खरीदार। मेरे दिल से दोनों चीजें गायब कीं। निगाह लैला की तरफ थी और मैं सच कहता हूँ मजनू की भाँति दीवाना बना। सिर्फ आपके लिए घूमता रहा, मुझे अगर कुछ फिक्र थी तो सिर्फ

उसी की, और जुनून बढ़ता ही गया। नतीजा यह हुआ कि इसकी तमीज़ (विवेक) भी बाकी न रही कि किसका जुनून था और क्या सौदा !

मैं यही चाहता हूँ कि आप लोग वादिए-एमन (परम सुख की घाटी) की सैर करें और मेरी दुआ भी यही है, यद्यपि मैंने अपने आप तो वादिए-जुनून (पागलपन की घाटी) में ही कदम रखा और उसी की सैर की। भाई, अगर मेरे दिल से पूछो तो यह जुनून ही पुख्तगी (परिपूर्णता) की अलामत (चिन्ह) है, और यह सौदा ही जुनून की मिसाल है और सभी क्रियाएं और ध्यान इसी के लिये हैं। ईश्वर का कोई रूप नहीं, वह सब में प्रकाशित है। अब अगर हम उस का प्रकाश किसी विशिष्ट अस्तित्व में देखते हैं तो नीयत (विचार) यही बनती है कि उसी की बरकत (विभूति) उसमें विद्यमान है। अब यदि किसी में खुले रूप में यह बात मौजूद है तो मैं अपने बचाव में यही कहूँगा कि ऐसे व्यक्ति से प्रेम करने में निगाह स्वयं उस चीज पर पहुँच जायगी जो उसमें प्रकाशित है। किन्तु भाई ऐसे अस्तित्व कम मिलते हैं और वह लोग इससे भी कम जिन के पास केवल पागलपन का सौदा हो। फिर भी कुछ न कुछ सहारा हम सब को लेना ही पड़ता है इसलिये हमको चाहिये कि हम सहारा ऐसे व्यक्ति का लें. जिसमें वह झलक ज्यादा से ज्यादा मिल सके। भड़क तो बहुत जगह मिलेगी मगर झलक कम मिलने वाली वस्तु है। और भाई झलक भी मिलेगी, मगर उससे ऊपर की वस्तु शायद ही कहीं मिल पाये। अब ऐसे व्यक्ति से सम्बन्ध पैदा करने के लिए सको कुछ ही समझ लिया जावे, चाहे भाई, चाहे पिता, और चाहे नौकर या गुलाम। मतलब सिर्फ रिश्ता कायम करने से है, जिससे मोहब्बत का डोरा लग जावे। और यह रिश्ता वास्तविक रूप में उस समय जुड़ा समझना चाहिए जब कि जिस रिश्ते से मोहब्बत की है वह चीज़ भूल जावे और जब रिश्ता की भी

खबर न रहे तब यह समझना चाहिए कि मिलन हुई। जितनी ही अच्छी मिलन होगी उतनी ही अच्छी फैज की रवानी रहेगी; और आई अलगाव (व्यक्तिगत) भी उसी समय पूर्ण होता है जब कि सब पक्ष से मिलन हुए बाद उस पक्ष से जुदा जावे, केवल कर्तव्यपरायणता शेष रह जावे।

परमार्थ (चरित्र) कृतार्थिता (आत्मसिद्धता) की जान है। हम को उस और अग्रसर होना चाहिए, और भी बाह्य आकर्षण और मिलन चरित्र सुधारने के हैं उन पर अमल आवश्यक और अनिवार्य है। मिलन परमार्थ का आदमी इस प्रकार है जैसे वह चन्दन जिस में सुगन्धि न हो। ऐसी दशा में आप उसको लकड़ी ही कहेंगे, चंदन नहीं कह सकते। परन्तु चलना है तो यह सदैव ध्यान रखिये। इस के लिये यहाँ पर नियम बना दिये गये हैं और उन क्रियाएं भी ऐसी बना दी गई हैं जिनसे चरित्र सुधरने में काफी सहायता मिलती है और वह बातें जल्द दूर हो जाती हैं जिनके शिकार अधिकतर लोग साधारणतः रहते हैं।

—बसन्तोत्सव के अवसर पर सन्देश

"'राम'-मिलन के काज सखी मोहे आरति उर में जागी री"

(कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी)

वास्तव में भक्ति की अभिव्यंजना जैसी मधुर, अनूठी एवं मर्मस्पर्शी होती है वैसी ही अनुपम, पावन अन्तरवेधिनी, आतुर अंतर की पुकार होती है कि 'राम-मिलन के काज सखी मोहे आरति उर में जागी री'।

कैसी मधुर एवं आतुर अन्तर की पुकार है कोई धैर्य रक्खे भी तो कहाँ तक रक्खे ? कोई संतोष लाये भी तो कैसे और कहाँ से लाये, जबकि आने जाने वाला मार्ग तो हमारा उर ही है और वहाँ पर 'प्रियतम राम' से मिलने की आर्ति जाग ही नहीं उठी वरन् अन्तर में आर्ति की, वेदना एवं विह्वलता की अग्नि लग चुकी है। फिर भला प्रज्वलित अग्नि में से किस माई के लाल का साहस है जो उसमें प्रवेश करके कोई भी सामान बचा ले। दूसरे बाहर की लगी को तो एक बार फिर भी जल के छींटों से बुझाने का कम से कम प्रयास तो किया ही जा सकता है किन्तु उर की लगी तो सब कुछ स्वाहा करके स्वयं अपने 'राम' को पाकर ही शान्त हो सकती है; वरना दूसरा हमारे पास भला उपाय ही क्या है। इस पर यह आक्षेप किया जा सकता है कि यह संतोष एवं लाचारी हमारी उन्नति में बाधक हमारी कमजोरी का ही लक्षण है। साँसारिक—दृष्टिकोण से यह कथन एक बार सत्य भी हो सकता है परन्तु आध्यात्मिकता का तो अपना एक अनोखा ही क्षेत्र है। उसमें जहाँ एक ओर तो यह लाचारी है, दूसरी ओर उसमें पग रखना तलवार की धार पै धावना भी है। यद्यपि इस आर्ति अथवा प्रेम रूपी तलवार का गुण भी विलक्षण ही है कि "अखाँ देखी क्राती अति घनी जो

एक से दो करे, बहलोल क्राती प्रेम दी जो दो से एक करे।" अर्थात् हमने देखा है कि तलवार तो काटकर एक से दो टुकड़े कर डालती है परन्तु इस प्रेम रूपी तलवार का गुण काम तो कुछ विचित्र ही है जो दो से एक कर देती है। बस इस दो को एक कर देने वाली पीर ही आरत एवं तड़प के रूप में उर में जन्म लेती है। इतना ही नहीं दृढ़ता एवं धैर्य की असीम अवस्था तब आती है जबकि अपने 'राम' से मिलने की धुन में चलते चलते बेचारा एक समय समत्व के लहराते अविरल एवं सहज—सागर में गहरा चला जाता है और फिर भी न जाने क्यों वह उबरना नहीं चाहता। उबरने के लिए हाथ—पैर नहीं फेंकता। एक दिन उस की वही कमजोरी उसके लिये बाधक न होकर ईश्वरीय शक्ति एवं सामार्थ्य प्रदान करने वाली बन जाती है।

इसका तात्पर्य एवं मुख्य कारण लक्ष्य की श्रेष्ठता है जिससे यही निर्बलता आगे सामर्थ्य की दायिनी बन जाती है क्यों कि जिस महावृक्ष से हम बड़े बड़े हाथियों को बाँधते हैं वह जब नन्हा सा पौधा होता हैं तब भेड़ बकरियों से सुरक्षित रखने के लिये उस के इर्द-गिर्द बाड़ा लगाना पड़ता है और हर प्रकार से उसे सम्भालना पड़ता हैं। इसी प्रकार चिराग को हल्का सा हवा का झोंक लग जाने पर बुझ जाता है है परन्तु वही ज्योति जब जंगल की घास या सूखी पत्तियों या काठ को पकड़ लेती है तो सारे बन को जला देती है। इसी प्रकार जब सामर्थ्य होती है तब जो चीजें पोषक होती हैं वही सामर्थ्य के अभाव में बाधक प्रमाणित सिद्ध (साबित) होती हैं। हमारी यह लाचारी वास्तव में कमजोरी नहीं वरन अपने लक्ष्य में समर्पण की द्योतक होती है। जिस प्रकार बिना positive के negative work नहीं कर सकता अर्थात् घर में बिजली भी है; current भी ले ली जाये किन्तु बिना स्विच ऑन व pluck लगाये न तो हमें विद्युत-प्रकाश मिल सकता है और न हमें उस से सम्बन्धित-पंखे की

इसी ही सिद्ध होती है। इसी प्रकार श्रेष्ठ लक्ष्य में अपने हृदय—रूपी pluck को बिछाये न हमें परम कारण ईश्वरीय—प्रकाश ही प्राप्त हो सकता है एवं न ईश्वरीय भाव रूपी अन्द अन्द द्वारे खुले रहें अन्तर में अनन्त बहकर हमें दिव्यतम शक्तियों का आनंद ही प्राप्त करा सकती है एवं इसके द्वारा ही प्रियतम 'राम' के मिलन का अवसर मिल सकता है जो हमें निज असीम सुख एवं निज असीम अनन्त—रूप का साक्षात्कार कराने वाला है। कितना सुन्दर एवं सत्य—कथन है कि "कोटी जन्म पर्यन्त तिरछ न बीचो नीर, हंस बिलम्ब कदापि ना, करे नीर खीर।"

इस लाचारी एवं सिसकने में एक विशेषता और भी है कि यदि हम ईश्वर से कुछ माँगते हैं तो जैसे एक बार हमारे परम पूज्य एवं प्रिय 'श्री बाबूजी महाराज' ने जैसा लिखा था कि बादशाह सिकन्दर ने उस भिश्ती से जिसने उसकी जान बचाई थी, इनाम माँगने को कहा तो उसने कहा मुझे अपना राज्य दे दो। बादशाह ने कहा यह तुमने अपनी हैसियत से अधिक माँगा तो उसने कहा मुझे पाँच अशर्फियाँ दे दो। बादशाह ने कहा यह तुमने मेरी हैसियत से कम माँगा अर्थात उसे कुछ न मिला। इसी प्रकार हो सकता है कि हमें भी माँगना न आये और खाली हाथ वापस लौटना पड़े इस लिये 'मालिक' के स्मरण एवं प्रेम, ध्यान जो भी बन पड़े उससे भरे अपने हृदय रूपी आँचल को 'उसके' आगे ही फैला दें 'वह' चाहे जो लेते चाहें जो देदे किन्तु नहीं; हमें तो अपना मन की गागर में अपने प्यारे ईश्वर को, सद्गुरु को ही पैठा लेना है जिस किसी भी प्रकार बस यही हमारी पूजा है। इसके अतिरिक्त दूसरी तो चाह ही मन में न उठे, कोई दूसरा ध्यान लाने पर भी हृदय में न आवे। जिस मन एवं दृष्टि में 'राम' से मिलने की मोहनी एवं मधुर बान पड़ जाती है उसके अन्तर चक्षु खुल जाते है और धीरे धीरे उसका भी पसारा हो जाता है क्यों कि जहाँ पर अन्य विचारों

का बन्धन नहीं वहाँ फिर क्या है ? केवल पसारा ही पसारा। किंतु उस पसारे में उसका मैं' सम्मिलित नहीं होता। फिर तो कुल पृथ्वी उसका अपना ही कुटुम्ब हो जाती है एवं उसे सभी से सहज-स्नेह होता है एवं उसके व्यवहार में उसकी ही पावन—प्रतिछाहीं झलकती है और वह अबोध शिशु की भाँति इस बात को भी भूला सा बिसरा सा ही फिरता है। एक ओर तो वह प्रेम की सजीव प्रतिमा ही होता है, दूसरी ओर उसका हृदय पवित्र एवं सुदृढ़-वैराग्य का मानों स्वरूप ही हो जाता है क्यों कि उसका लक्ष्य तो अपने 'राम' के चिरन्तन रूप में लयलीन रहना ही हो जाता है। तो फिर उसे राग कहाँ, वैराग्य कहाँ, संसार कहाँ और शरीर कहाँ ? उसके तो जन्म-जन्मान्तरों से एकत्रित संस्कार आँतरिक-दृष्टि की स्थिरता के कारण आ आकर परम लक्ष्य प्रियतम ईश्वर में स्वतः ही समाते चले जाते हैं। तब वास्तव में संसार-कार्यों का ही नहीं वरन् प्रेम, भक्ति एवं उसकी उस आर्ति या विह्वलता का भी कर्त्ता कोई और ही हो जाता है जिसे उसने अपने अन्तर में परम लक्ष्य मान कर स्थापित कर लिया है। स्वयं वह प्रथम तो केवल साक्षी रूप में साथ आता है फिर साक्षी रूप मे भी उसका पता नहीं मिलता है। सच ही उसकी आँखों में लोनी लग जाती है जो उसकी ज्योति को वास्तविक-ज्योति पुञ्ज में समा जाने को विवश कर देती है और उसे कहना ही पड़ता है:—

"सन्मुख मेघ मयूर है, सन्मुख चन्द्र-चकोर,
मैं इतना ऊँचा उठा, गया दृष्टि से दूर।।"

उसके हृदय का एकतारा इसी मौन संगीत से (पर) थिरक उठता है कि:—'कान्ह भये प्रानमय प्रान भये कान्ह-मय, हिय में न जानि परै कान्ह हैं कि प्रान हैं'। कहते हैं कि एकबार क्रोध में बावला राणा कर में नंगी तलवार लिए आया और बोला "बोल 'मीरा' तू अभी अभी किससे बोल रही थी, तेरे सामने कौन था, तेरे साथ

कौन था ? शीघ्र ही बता नहीं तो तेरे "टुकड़े कर डालूंगा"। वह प्रेम की सुदृढ़ मूर्त मुस्काई और बोली :—"राणा मेरे सामने वाला तो अन्तर में समा गया और साथ वाला तेरे सामने ही बैठा है। कर दो टुकड़े यदि तुम कर सकते हो। राणा, मोम के टुकड़े तो तुम नहीं कर सकते क्योंकि वह तो गिरधर के अन्दर समाई हुई है और गिरधर के टुकड़े भी कदाचित न कर सकोगे क्योंकि वह तो मेरे में, तेरे में, इस तलवार में सर्वत्र ही तो समाया हुआ है।" लाचार राणा लौट गया और मन्दिर में कोई मधुर-स्वर-लहरी पुनः लहरा उठी:—'जो पहिरावे सोई पहिरूँ, देवे तो बिक जाऊँ 'मीरा' के प्रभु गिरधर—नागर, बार बार बलि जाऊं।' वास्तविक बात तो फिर कहनी पड़ती है कि 'राम' से मिलने की इस आरति को, इस विह्वलता को समझा सकने के लिये विधना ने कोई शब्द रचे ही नहीं। हमारे 'श्री बाबूजी' का कितना पावन, स्पष्ट कथन है कि:—

'मोहब्बत मानियो अलफाज में लाई नहीं जाती,
यही ऐसी हकीकत है जो समझाई नहीं जाती'।

प्रश्न अब यह उठ सकता है कि आखिर यह आरत उर में उठी ही क्यों ? न यह आरत उठती न अग्नि लगती। उत्तर यह है कि वैसे तो जल की आवश्यकता हर व्यक्ति को हर समय ही रहती है किन्तु जल की एक बूंद का महत्व रेगिस्तान में भ्रमित हुये उस पथिक के लिये कितना विशेष हो जाता है जो कि उसके लिये मृग—जल का सहारा ले लेकर भटकता और दूर ही निकल जाता है। इसी प्रकार इस संसार रूपी रेगिस्तान की मृग-मरीचिका में भ्रमित मानव सुख व चैन की खोज में और भी भटक जाता है एवं यह आरत या वेदना जो उसके साथ ही लगी फिरती है वह भांति भांति के ऐश्वर्य, भोगों एवं आनन्दों की प्राप्ति होते हुये भी मानव को चैन नहीं लेने देती है क्योंकि यह जो जहाँ से आया है

यहीं जाना चाहता है एवं जैसा आया था वैसा हो जाने पर ही इसे चैन की साँस मिल सकती है। बात ठीक ही है कि शरीर में जहाँ खुजली होती है वहीं खुजलाने से वह मिट जाती है एवं तभी चैन भी मिल पाता है। खुजली दिल में है और खुजलाया दिमाग तो फिर चैन कैसे मिले। किन्तु चैन किसे मिलता है जो एक ही जून मोटा, झोटा खाकर ईंट का सकिया लगाकर 'मालिक' के सहारे बेखबर सो जाता है। तब हमारे मन में यह विचार अवश्य ही आता है कि आखिर यह धन्य-मानव कौन सी बूटी खाकर इतनी अवस्था में बेखबर पड़ा हुआ है ? तभी हमारे मन में हमारे 'राम' की प्रेरणा मिलती है एवं तभी हमें यह प्रतीति होना प्रारम्भ हो जाती है कि यह सच्चा सुख एवं आंतरिक निश्चिन्तता कुछ नहीं केवल टट्टी की ओट शिकार-मात्र ही है। यही जिलौनी जो एक से दो करके हमें भटकाती रहती है वही आरत के रूप में प्रकट हो कर हमें पुनः दो से एक के पसारे में ले आने को आकुल-व्याकुल रहती है। किन्तु कब ? जब हम अपनी चाल को सीधा कर लेते हैं एवं चाल तभी सीधी हो सकती है जब कि हमें पूर्णरीत्या ठिकाने या लक्ष्य का विचार बना रहता है। ठिकाने का विचार भी तभी बना रहता है जब हम उस परम प्रियतम 'राम' के, जो कि सर्वत्र रमा हुआ है 'उसके' ही हो बैठते हैं किन्तु उसके हो बैठना तब नितान्त सरल एवं सहज हो जाता है जबकि हम अपने आपको खो बैठते हैं। एक दिन हम सत्य ही अपने को खो बैठते हैं जब कि अपने प्रियतम के अतिरिक्त दूसरा विचार हमारे मन में आता ही नहीं है। कितना मधुर एवं सत्य कथन है कि—

"प्रियतम छवि नैननि बसी, पर छवि कहाँ समाय,
भरी सराय रहीम लखि आपु पथिक फिर जाय"।

यदि हमारे मन की गागर 'उसके' प्रेम की उस आंतरिक बाढ़ से लबालब ही हो जाये तो फिर किसी अन्य की गुजर ही कहाँ

हो सकती है क्योंकि तब हमारा मन तो अपने 'मालिक' से मिलने के निश्चय से परिपूर्ण ही हो जाता है जिसे अपने सारे सुखों व आरामों को तिलाँजलि दे चुका होता है। तभी एक दिन आता है कि 'राम-मिलन के काज जगी आरत उसे 'राम' के दरबार में जा खड़ा करती है। यद्यपि उसका हाल भी बेहाल हो जाता है। वह बेचारा गरीब खाली हाथों अपने से ही वीरान हुआ फिरता है। पते का उसे पता नहीं रहता, होश-बेहोश की उसे खबर नहीं मिलती। सच ही एक गरीब का भेद भी यही है कि बेचारे के पास कोई भेद नहीं है अर्थात् फिर वह उल्लू ही बन गया कि जहाँ भी बैठ जाय वीरान ही बना दे। ऐसे ही प्रिय महापुरुष जिस बड़भागी के हृदय में विराज गये फिर चाहे वह मित्र हो या शत्रु, बस उसका हृदय हम व हमीं से वीरान ही हो गया समझना चाहिये। यह तो केवल 'उसके' एक बार बैठने का फल होता है परन्तु यदि वह मन में बस गया फिर तो 'वह' अपना सा ही बना कर छोड़ता है। वह हृदय अथवा मन की थाती ही ले डूबता है क्योंकि वह तो उसका स्वाभाविक गुण ही बन गया है। जहाँ से शुरूआत है वहीं अन्त है यही आध्यात्मिकता का रहस्य है एवं तभी कदाचित् हमारे 'श्री बाबूजी महाराज' का कथन भी, कि 'याद वही है जो कभी न आवे' स्पष्ट दृष्टिगत होता है एवं इन सब भेदों का भेद भी कैसा सरल है कि 'वह' अभेद है। बात यही है कि जब हम झरने के पास जा पहुँचते हैं तब न तो हमें जल के समाप्त हो जाने का भय रहता है और न ताप ही का कष्ट रहता है। ऐसे ही जब हम सद्गुरू के चरण-रूपी सागर में जो पैठते हैं तब न तो हमें अपने आंतरिक-आनन्द के कभी चुक पाने ही का भय रह जाता है और न त्रिविध-ताप ही उन शीतल चरणों तक पहुँच कर हमें पीड़ित कर पाते हैं। सांसारिक-पीड़ा एवं सुख का तो अनुमान भी नहीं पहुँच पाता है क्योंकि संसार उस के लिये एक बेगाना, अनजान-शहर की भाँति ही हो जाता है।

प्रियतम सद्गुरू के चरणों की वह पावन सलिला एवं हृदय का वह पावन, निर्झर, अखंड व अनन्त ईश्वरीय-धारा का श्रोत हमें प्रतिक्षण कुछ का कुछ बनने एवं बनाने की दिव्य—शक्ति प्रदान करता है एवं हमारी गति, मति एवं रति सतत् हो जाती है क्यों कि मन को कुछ अच्छा लगना यह भी चाहे आध्यात्मिक—गतियों ही के लिये क्यों न हो, दशा के समत्त्व को कुछ न कुछ विचलित ही करता है। चाहे हम भले ही इस भेद को न पकड़ पायें किन्तु उस समर्थ-सद्गुरु की दृष्टि से बच निकलना आसान ही नहीं वरन् असंभव है। मुझे स्मरण है कि point A1 की अलौकिक-आनन्द गति के लिए जब मैंने अपने 'श्री बाबूजी' से दुबारा प्रार्थना व इच्छा प्रकट की तो 'आपने' अत्यन्त स्नेह के साथ समझाते हुए लिखा कि "वैसे तो उस अवस्था को पुनः लाना सरल ही है किन्तु गुरु का धर्म है कि बच्चे को ऊपर ही ले जाए, नीचे न देखने दे इसलिये मैं मजबूर हूँ वैसे यदि तुम चाहो तो वर्तमान गति को बगैर हटाए दबाकर AI की गति को उभार दूँ। बस इतना पढ़कर मेरी दृष्टि फैली की फैली रह गई और मुझे चेत आ गया।

बात भी यही सत्य है कि मन, मन में ही समा जावे फिर हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह सतत् ही होता है और जो सतत् है वही सत्य है। बस इसी सत्य को ढूंढ निकालने के लिए ही उर में आरत का ही नहीं वरन् आध्यात्मिकता का भी जन्म होता है। अपनी महती-शक्ति (ईश्वर या राम) से पृथकत्त्व होने के कारण ही हम जन्म-जन्मान्तरों से दर दर मारे मारे फिरते रहे। यदि भटकते भटकते कभी किसी को सद्गुरु का वह सत्य द्वार मिल गया है तो फिर उसकी सारी भटकना एवं सारी साँसारिक आर्त्तना स्वतः ही शान्त होकर एकमात्र ईश्वर की ही ओर मुख मोड़ देती है। जिस प्रकार समुद्र के नीचे बड़े बड़े गहरे सुनसान स्थान होते हैं कि जहाँ पर कठिन से कठिन आँधी की भी गम्य नहीं हो सकती उसी प्रकार सद्गुरु की कृपा रूपी पतवार का सहारा लेते लेते

मानव को, हृदय की अथाह गहराई में डूबते २ बहुत दूर एक ऐसे सुनसान एवं पवित्र-स्थिति की प्राप्ति होती है जहाँ धूल में लुढ़कने पर भी वह स्वच्छ बना रह सकता है। निरंतर हलाहल पीने पर भी मरता नहीं बल्कि उस अमृत-कुन्ड में सराबोर हुआ वह ऐसा जीवन पा जाता है जहाँ मृत्यु की गम्य नहीं। आँधियाँ शान्त हो जाती हैं, तूफान समाप्त हो जाते हैं और सब शाश्वत् ही हो जाता है।

आत्म-नियन्त्रण, आत्म विकास का मेरुदंड है एवं आत्म-विकास अन्तर में पैठे बिना असंभव ही है। आत्म नियन्त्रण जहाँ लौकिक फलार्थी को मनोवाँछित प्रदान करता है वहाँ वह आत्मिक-वैभव के आकाँक्षी की भी इच्छा-पूर्ति करता है।

वैसे आत्म-विकास के लिए अनेकानेक-क्रियाऐं तथा जप, तप दान, यज्ञादि साधन बताये गए हैं किन्तु ईश्वर-प्राप्ति की आरत उर में जागे बिना पग आगे बढ़ना असंभव ही हो जाता है। हमारे 'श्री बाबूजी' का भी कथन है कि 'तड़प अपना रास्ता ख़ुद ही टटोल लेती है'। सत्य ही है कि ईश्वर के अतिरिक्त भाँति २ की क्रियाओं में प्रियता रखने वाला बन्दा घानी के बैल की तरह गोलाकार घूमा करता हैं किन्तु ईश्वर एवं सद्गुरु में प्रियता रखने वाला बन्दा उस घानी व गोलाई को उलंघन कर स्वतन्त्र-मैंदान में ईश्वर की ओर और भी तेज़ी से दौड़ता है और 'उसे' प्राप्त करता है। ईश्वर से दूर होने का साराँश केवल यही है कि मनुष्य इस बात को विस्मरण कर जाता है कि ईश्वर उसके अन्दर निवास करता है। दार्शनिक नावेलिन का कथन है कि:—'There is one temple in the world and that is the human-body' अर्थात् संसार में ईश्वर का केवल एक ही निवास स्थान हैं, और वह मनुष्य का शरीर है। कहते हैं एक बार भक्तिमती रबिया रोती जाती थी और चिल्लाती जाती थी कि काबे, और काशी में आग लगा दो क्यों कि घर के पीछे लोग घरवाले को भूल गए। सत्य ही जीवन भर पूजा,

पाठ करने पर भी उर की प्रेरक, 'प्रिय' से मिलने की वह विह्वलता एवं तड़प नहीं जाग पाती। अपने बनाये महल ही में हम आराम करते रहते हैं? ईश्वर के दर की तो हमें सुधि ही नहीं आती। हम मिट जाते है, हमीं ज्यों की त्यों हमसे चिपकी रहती है।

वास्तव में 'मालिक' की भगवत्सलता का दिग्दर्शन भी हमें उससे मिलने की विह्वलता की दशा में ही प्रत्यक्ष दृष्टिगत् होता है विह्वलता की चरम-सीमा पर 'मालिक' की कृपा भी चरम-सीमा पर पहुँच जाती हैं। विरह, मिलन के बाद की दशा में अन्तर में कुरेदना प्रकट करता है और विह्वलता बिना दर्शन के ही मन को मथकर निकलने वाली साधक की अन्तरमयी-स्थिति में प्रकट होती है। विरह में कुछ अंश में धैर्य भी कुछ मिलौनी रहती है जबकि विह्वलता या आरति मिलौनी से रहित नग्न ही होती है। इस विह्वलता एवं तड़प में प्रेम का भी बलिदान होने लगता है किन्तु हम इससे भी अनजान ही रहते हैं एवं हमारा यह त्याग भी त्याग नहीं कहा जा सकता है क्योंकि त्याग में अपने मन के कोने में उसकी खटक सी रहती है परन्तु इसमें अर्थात् अपने 'राम' से मिलने की आर्त्तना में तो हमें इसका भी ज्ञान नहीं रहता है। सच तो यह है कि हम तो अपने 'स्व' को भी 'उसके' हवाले नहीं करते बल्कि 'उसको' अपना बना लेने में हमारा हृदय तन्मय-मात्र होते हुए यही रटना लगा देता है कि:—

'बिजली चमके काली-घटा में, जाम में आतशेसर्द*,
चमके राख जोगी की जटा में, मुझमें तेरा दर्द॥

बस यही उर में लगी इस आरति का संक्षिप्त सार है।

कैसा अनुपम, अनोखा क्षेत्र है? कितना साहस है एवं कैसी कसौटी है? कि प्रेम की हर दशा को, प्राण ले लेने वाली तड़प (पीर) को; बावली अवधूत-गति को भी संसार में किसी के समक्ष

*ठंडी आग यानी शराब।

बिना प्रकट किये मन का मन ही में पी जाने का प्रयत्न किया करता है। मन की पीर चाहे मन को खा जाये, आँखों में चिपकी लोनी चाहे दृष्टि के सारे लहू को चूस जावे परन्तु वह जिह्वा पर उफ़ नहीं लाता। किसी के सामने अपने दिल की लगी को रोता नहीं क्योंकि उसका 'राम' सदा सदा के लिये उसका अपना हो जाता है। यही तो उसका दृढ़ निश्चय भी था फिर निश्चय तो निश्चय पूर्ण होता ही है। उसकी सारी कलई उसके 'राम' पर खुल जाती है और जब उसके पास अपना कोई राज़ नहीं रह जाता तो उसके 'राम' का राज़ भी उस पर प्रकट ही हो जाता है क्यों कि तब पृथ्वी की छाया आकाश को नहीं चूम पाती। मृदुता ही जिसकी वाणी एवं सरलता ही जिसका हृदय हो जाता है ऐसे धन्य महा-मानव, जिनके जीवन में नेकी और पवित्रता एवं ईश्वर की याद इस प्रकार बस जाती है (गई है) कि जिस प्रकार सुगन्धि और महक फूल में बसी होती है वही कषाय एवं वासना रहित सर्वजित मानव ऐसी अनोखी दशाओं के अनुपम-क्षेत्र में विहार करता है कि:—

"दिया हमने जो अपनी खुदी को मिटा—

—वह जो पर्दा था अब न रहा—

—रहा पर्दे में अब न 'यह' पर्दा नशीं—

—कोई दूसरा 'तेरे' सिवा न रहा॥

❀ ❀ ❀

"साधना में प्रेम और सुरति का महत्व"

(श्री दुर्गा शंकर अवस्थी)

श्रद्धेय बाबूजी, भाइयों व बहनों,

महर्षि पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों के निरोध (discipline of mind) को हम योग कहते हैं। योग के अर्थ जोड़ होते हैं और चित्त की वृत्तियों के निरोध पर ही हम मालिक से जुड़ते हैं। यदि हम केवल सुबह शाम ही कुछ समय तक ध्यान कर लेते हैं यानी कुछ समय के लिये मन को आत्मा की ओर (higher self) लगाते हैं व बाकी समय में हमारे मन की वृत्तियाँ इच्छाओं में (lower self) मनमाना दौड़ लगाती हैं तो हमारे मन का discipline या चित्त की वृतियों की शान्ती स्थायी तौर पर आना संभव नहीं हो सकता है। भगवान श्रीकृष्ण जी का कितना स्पष्ट कथन है कि:—

ध्यायतो विषयानपुंसः सङ्गस्तेषु पजायते
सङ्गात संजायते कामः कामत्क्रोधो भिजायते

अध्याय २ श्लोक १६ में

अर्थ—विषयों का चिंतन करने वाले पुरुष की उनमें आसक्ति हो जाती है और आसक्ति से इच्छायें उत्पन्न होती हैं और इच्छाओं की पूर्ति में बाधा पड़ने पर क्रोध आता है।
ठीक कहा गया है:—

राही कहीं है राह कहीं राहबर कहीं,
ऐसा भी सफर कामयाब है हुआ कहीं ?

सफर की कामयाबी के वास्ते जीवात्मा रूपी सवार को मन रूपी घोड़े पर बैठ कर आध्यात्मिकता रूपी पथ पर ही चलना होगा अन्यथा हम दुख को प्राप्त होंगे। क्या सुन्दर कहा है:—

दुखी सदा को? विषयानुरागी
कः पूजनीय? शिव तत्वनिष्ठः

अर्थ—सदा दुखी कौन है? जिसे विषयों में अनुराग है। पूजनीय कौन है? जिसकी शिव तत्व में निष्ठा हो गई है। कुछ लोग कहते हैं कि यदि हम हर समय ध्यान करेंगे तो हमारा जीवन निर्वाह व घर का धंधा कैसे चलेगा।

दैनिक जीवनमें जब हम घरसे स्कूल, दफ्तर या बाज़ार जाते हैं तब हमको रास्ते भर यह सोचना नहीं पड़ता कि दाहिने घूमें कि बायें और तमाम तरह के विचारों का ताँता आते रहने पर भी हम अपने अभिलशित स्थान पर पहुँच ही जाते हैं। वास्तव में ये दैनिक जीवन के कार्य इतने routine स्वभावगत प्रकृति बन जाते हैं कि उनमें क्रिया शलि मन लगाना नहीं पड़ता एवं एक हलके भूले हुये ख्याल से ही काम चल जाता है इसी प्रकार यदि हम यह समझ लें कि हम मालिक के आदेश से अथवा उसके काम से जा रहे हैं, अथवा वह हमारे साथ में है या वह स्वयं जा रहा है तो यह सबकार्य पूजाके अंग बन सकते हैं व घर का काम भी चलता रहेगा, इसी प्रकार हम अपने मालिक की याद खाना खाते समय घर, दफ्तर, दूकान व कठिन शारीरिक एवं मानसिक परिश्रम करते समय भी कर सकते हैं। घर वालों की व बच्चों की परवरिश के समय यह ख्याल कर लें कि ये मालिक के है और इन की परवरिश का काम उसी प्रियतम ने हमको सौंपा है तब हम तत्परता के साथ अपनी प्रियतम की प्रसन्नता के लिये कार्य करेंगे व घर का धंधा व पूजा दोनों राग द्वेश रहित समान बुद्धी से चलते रहेंगे।

जैसे जैसे हमारी आदत मालिक की याद करने की पड़ती

जावेगी वैसे वैसे हमको इसके वास्ते दिमाग पर ज़ोर देने की आवश्यकता न पड़ेगी और यह स्वभावगत प्रकृति बन जावेगा। हमारा मन भारीपन लाने वाले विचारों यानी बाह्य विषयों इत्यादि में दौड़ने वाले खयालों से बचा रहेगा लिहाज़ा परिश्रम की थकान भी कम होगी और हम अधिक परिश्रम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त ईश्वर की याद के समय में मन का focus (केन्द्रिय करण) या उसके अति समीप अन्दर की ओर होता है यानी इस शरीर में जो "मैं" नेत्र, नाक, कान आदि द्वारा देखता सूँघता व सुनता है और ऐसा जानता है मन का रूख भी उसी आत्मा की ओर ही हो जाता है और हम उस "मैं" के साथ जुड़ जाते हैं जिसे पवन सुखाता नहीं, अग्नि तपाता नहीं एवं जहाँ चैन का ही साम्राज्य होता है। साधना में सुरति अथवा सतत् स्मरण का ऐसा ही महत्व होता है इस प्रकार स्मरण करने का क्या परिणाम होगा?

यथा यथा प्रत्यगवस्थितं मन
तथा तथा मुन्चित बाह्य वासनाः
निःशेष मोक्षे सति वासनाना
मात्मानुभूतिः प्रतिबन्ध शून्यः

(विवेक चूड़ामणि श्लोक ३७७)

अर्थ—मन जैसे जैसे अर्न्तमुखी होता जावेगा वैसे वैसे वह बाहरी वासनाओं को छोड़ता जावेगा और जिस समय वासनाओं से पूर्णतया छुटकारा हो जावेगा तब प्रतिबन्ध शून्य (with out any obstruction) आत्मा का अनुभव होगा और तब मन वैसा ही हो जावेगा जैसा कि होना चाहिये। क्या सुन्दर कहा है:—

पहले यह मन काग था करता जीवन घात।
अब तो मन हंसा भया मोती चुग चुग खात॥

अर्थ—जो मन पहले कौए की तरह विषय वासकाओं रूपी गंदगी

खाकर जीवन क्षीण करता था वही अब मालिक से जुड़कर हंस की तरह निर्मल हो गया है और मोती चुग कर खाता है यानी उसमें केवल दिव्य भाव ही स्फुरित होते हैं।

यह हालत तभी आती है जब प्रेम व विरह रूपी बाज़ मनको आच्छादित करके उसके राग द्वेष को नहीं खा डालता क्या सुन्दर कहा है:—

मन पंछी तब लौं उड़ै विषय वासना मांहि
प्रेम बाज़ की झपट में जब लगि आवत नाहिं

इसके बाद ही मन निर्मल हो पाता है।

स्वामी शंकराचार्य जी ने भी मन को सदा आत्मा में ही स्थिर रखने को बताया है यानी सतत् स्मरण को ही महत्व दिया है। गीता भी यही कहती है—

चेतसा सर्व कर्माणी माये सन्यस्य मत्परः
बुद्धि योग मुपाश्रित्य मच्चितः सततम्न भव

अर्थात्—सब कर्मों को मेरे में अर्पण करके आसक्ति व द्वेष रहित समान बुद्धि का आश्रय लेकर निरन्तर मेरे ही में चित्त वाला बन।

भगवान कृष्ण ने तथा उच्च कोटि के महात्माओं भी तैल धारा वत् (unbroken) निरन्तर ईश्वर चिन्तन करने के अभ्यास को ही महत्व दिया है एवं साथ साथ दुनियां के काम भी कठिन परिश्रम से करने की ही विशेषता प्रदान की है स्वामी शंकराचार्य जी ने केवल तीस वर्ष की आयु पाकर भारतवर्ष की आत्मा ही बदल दी व श्रीकृष्ण जी ने अपने जीवन में जितना काम किया सभी जानते हैं और हमको शिकायत है कि सतत् स्मरण करेंगे तो घर के धंधे कैसे चलेंगे व जीवन निर्वाह कैसे होगा।

ऊपर लिखी विधि में 'मालिक' का सतत् स्मरण करने से सब कार्य पवित्र भावना या सद्बुद्धि (intuition) द्वारा प्रेरित होंगे और उन कार्यों से हममें आसक्ति व अहम् भाव भी पैदा न होगा।

हमारा जीवन निर्वाह व घर के धंधे भी भली प्रकार चलते रहेंगे, यही मार्ग सभी श्रेष्ठ महापुरुषों ने अपनाया है व गीता का निष्काम कर्म योग भी यही है।

सतत् स्मरण करना कठिन भी नहीं है, अभ्यास करते करते स्वभावगत आदत सी पड़ जाती है। हमारे मिशन के सब भाई बहन सरलता पूर्वक इसका ही अभ्यास करते हैं। किसी छोटी कक्षा में मैंने एक poem पढ़ी थी जिसका शीर्षक था

"Try and try again boys, youwill succeed at last."

उसमें लिखा था:—

"Standing at the foot boys,
Gazing at the sky,
How can you get up boys,
If you never try."

यदि हम पहाड़ी पर चढ़ते नहीं केवल नीचे खड़े हुए सहमे हुए आकाश की ओर निहारते रहते हैं तो शिखर तक कभी नहीं पहुँच सकते जहाँ के तहाँ बने रहेंगे।

Mr. Longfellow says—

"The heights by great men reached and kept,
Were not attained by sudden flight,
But they, while their companions slept,
Were toiling upwards in the night."

(From Psalm of life).

महापुरुषों ने जो भी उच्च स्थान प्राप्त किया है वह ज़रा देर में उड़कर नहीं परन्तु जब उनके दूसरे साथी सो रहे थे तब वे रात में ऊपर उठने के वास्ते प्रयत्नशील थे। गीता भी कहती है कि मन का

निग्रह कठिन है परन्तु धीरे २ अभ्यास करने पर मन वैराग्य ग्रहण करता है जो चीज़ शनैः २ खराब हुई है एक दम कैसे सुधर सकती है। जो बीमारियां धीरे धीरे प्रवेश करती हैं, वे धीरे २ ही जाती हैं, शीघ्र आने वाली बीमारियाँ शीघ्र ही छोड़ देती है, क्योंकि वह deep rooted नहीं हो पातीं, घर नहीं बना पातीं।

ईश्वर प्राप्ती के वास्ते हमें तास्सुब (Prejudice) व पक्षपात (Favouritism) आदि छोड़कर शील को ग्रहण करना चाहिए क्यों कि हम जिसे प्राप्त करना चाहते हैं उस ईश्वर के साम्राज्य में हमें इस तरह के भेद भाव नहीं दिखाई पड़ते शील के वास्ते क्या सुन्दर कहा है।

किं भूषणादि भूषणं मस्ति शीलम
तीरथं परम किं स्वमनो विशुद्धम

अर्थ—भूषणों का भी आभूषण क्या है ? शील ॥
सबसे बड़ा तीर्थ कौन है ? अपने मन की निर्मलता ॥

हमको "मालिक" की ओर मुड़ना होगा और धीरे २ इरादा (लगाव) इतना गहरा (deep rooted) करना होगा कि दूसरी ओर निगाह ही न रहे। ठीक कहा है:—

पा गया बस चेहरेये मकसूद के लैली के वह।
जो हुआ है मिस्ले मजनू बुलबुले गुलज़ारे इश्क ॥

अर्थ—चाही हुई मंज़िल उसी को मिलती है जो अपने ध्येय को मजनू की तरह या जैसे बुलबुल गुलशन को चाहती है प्रेम करता है। लगाव के साथ सतत् स्मरण करने से चूँकि ख़याल में गर्मी है प्रेम उत्पन्न हो जाता है और बढ़ने लगता है। प्रेम बढ़ने पर मालिक की याद हमको हर समय व हर जगह सताने लगती है,

और हम विरह का अनुभव करते हैं। दूसरे राग अपने आप फीके पड़ जाते है। उनको छोड़ने की जरूरत नहीं रह जाती, सन्त कबीर कहते हैं—

विरह जगावे दर्द को, दर्द जगावे जीव।
जीव जगावे सुरति को, पंच पुकारें पीव ॥

अर्थ—पाँचों ज्ञान इन्द्रियाँ प्रियतम को स्वतः याद करने लगती हैं

विरहा कहै कबीर से, तू जनि छाँड़े मोहिं।
पारब्रम्ह के तेज में, तहाँ ले राखौं तोहि ॥

विरह ही हमको अपने प्रियतम से मिलने के वास्ते पथ पर आगे बढ़ने को प्रेरित करता है और पारब्रम्ह तक ले जाता है। केवल शान्ती प्राप्त कर लेना हमारा उद्देश नहीं है जयशंकर जी का कथन है:—

इस पथ का उद्देश नहीं है।
श्रान्ति भवन में टिक रहना ॥
किन्तु पहुँचना उस सीमा पर।
जिसके आगे राह नहीं ॥

विरह की चरम सीमा पर पहुँचने पर क्या होता है ?

"दर्द का हद से गुज़रना है दवा हो जाना"

इस दर्द के अन्तर में जो आनन्द व मज़ा छिपा रहता है उस का लेशमात्र भी शान्ती में नहीं मिलता है पूज्य बाबू जी के शब्दों में इस दर्द की प्राप्ती के वास्ते बहुत से फकीर तरसते ही चले गये हैं।

—अपूर्ण

(शेष अगले अंक में देखिये)

भगवत्-शरण स्तोत्र

मैत्री समेषु न च मेऽस्ति कदापि नाथ
दीने तथा न करुणा मुदिता च पुण्ये ।
पापेऽनुपेक्षणवतो मम मुत्कथं स्यात्
तस्मात्त्वम शरणं मम दीनबन्धो ॥

नेत्रादिकं मम बहिर्विषयेषु सक्तं
नान्तर्मुखं भवति तान् प्रविहाय तस्य ।
कान्तर्मुखत्वमपहाय सुखस्य वार्ता
तस्मात्त्वमद्य शरणं मम दीनबन्धो

[हे नाथ, मुझमें समान व्यक्तियों के प्रति मैत्री-भाव कभी भी नहीं रहा । न दीनों के प्रति करुण और न पुण्यवानों के प्रति मुदिता । पाप के प्रति मेरा उपेक्षा भाव भी नहीं रहा । फिर (भला) प्रसन्नता कैसे प्राप्त हो । अतः हे दीन बन्धु, अब तो आप की ही शरण में हूँ । मेरी नेत्रादि इन्द्रियाँ बाह्य विषयों में आसक्त हैं, उन्हें छोड़कर (मन) अन्तर्मुखी नहीं होता । अन्तर्मुखता का परित्याग कर के सुख की बात ही कहाँ ! अतः हे दीन बन्धु, अब तो आप की ही शरण में हूँ । —श्री ब्रह्मानन्द]

[O Lord, never did I have a friendly feeling towards my equals;
Neither (did I have) compassion for the lowly, nor gladness at (the sight of) virtue;
Nor(did I behave) towards vice as one, indifferent: How, then, can there be hapiness for me !
Therefore, O Brother of the lowly, now you remain my only refuge.
My eyes and other senses have been attached to external objects;
So, leaving them apart,(my mind)never turns inward.
Where can there be a chance for happiness, if one has left introvertiveness aside !
Therefore, O Brother of the lowly, now you remain my only refuge. —Shri Bramhananda]

Spiritual Advancement

(Shri Ram Chandra Ji, President S. R. C. M.)

You will find many personalities in this world tearing off the veil of MAYA but hardly one who could remove the covering of egoism. Even in life-long ages this thing becomes impossible. That is the only veil hanging between man and God. The Abhyasis before coming near this veil call themselves perfect and they are really so. But such a great personality as could tear off this veil comes after thousands of years. That is the only thing to be crossed over after which the wave of Almighty begins to flow without break. It is very difficult to find out a man, talented with it. This would be a fool's saying if I approach any body with this sermon because he will find these defects in me; but I write to you for your guidance to acquire that stage. I am duty-bound to say so to you all. Suppose I am not qualified to this extent, still I have a heart ready to pray for you all to gain that stage. But how can you or any body gain such a thing when you do not overcome your lazyness and sluggishness even. When intending to reach the higher ideal one must give up things obstructing the way. If one cannot give up the un-wanted things, that means he has not yet formed his ideal. Two things cannot stand at one place. Now I am

